# बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0,

"खाद्य भवन", दारोगा राय पथ, आर0ब्लॉक, रोड नं0 2,पटना 800001

पत्रांक– दिनांक–

## बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम में संविदा पर सेवा निवृत पदाधिकारियों/कर्मियों के नियोजन हेतु सूचना

बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के अधीन राज्य सरकार/केन्द्र सरकार,राज्य/केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों/निगमों/बोर्ड/निकायों से लेखापाल एवं निम्नवर्गीय लिपिक के पद अथवा समकक्ष पद से सेवा निवृत पदाधिकारी/कर्मियों का संविदा पर नियोजन हेतु योग्य, स्वच्छ छवि वाले, शारीरिक रूप से कार्य करने में सक्षम एवं अनुभवी पदाधिकारियों/कर्मियो से निर्धारित अर्हता/शर्तें(जो निगम बेवसाईट पर उपलब्ध है)के अनुसार दिनांक–01.11.2022 को अपराहन् 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। उक्त नियोजन रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों पर एक वर्ष के लिए संविदा पर किया जायेगा। कार्यकलाप संतोषजनक पाये जाने पर उनकी संविदा अवधि विस्तार पर विचार किया जायेगा।

| क्र0 | पदनाम | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | लेखापाल (संविदा) | 09 |
| 2 | निम्नवर्गीय लिपिक (संविदा) | 81 |

1. आवेदक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में संबंधित सभी अभिलेख की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर **दिनांक 01.11.2022 को अपराहन् 5:00 बजे तक** निश्चित रूप से **प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0, 'खाद्य भवन' दारोगा** राय **पथ,आर ब्लॉक,रोड नं.2, पटना 800001** के कार्यालय में हाथो–हाथ/डाक से जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। अर्हता पूरा करने वाले अभ्यर्थियों का चयन **रिक्ति एवं आवश्यकता के आलोक में** किया जायेगा।
2. संविदा पर नियोजन की योग्यता, रिक्ति एवं अन्य शर्तें, आवेदन प्रपत्र, अभ्यर्थियों द्वारा **Website-sfc.bihar.gov.in** अथवा किसी भी कार्य दिवस को निगम मुख्यालय (खाद्य भवन) आर0ब्लॉक, रोड नं02, पटना के प्रशासन शाखा में देखा जा सकता है।

**प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।**

ह0/–
उप महाप्रबंधक, प्रशासन

ज्ञापांक–3:02:186:01:2022 8485 दिनांक– 11.10.22

**प्रतिलिपि**–निदेशक,सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,बिहार,पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त विज्ञापन का प्रकाशन दो स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

**प्रतिलिपि**–प्रबंधक,जन सम्पर्क,निगम मुख्यालय,पटना को सूचनार्थ एवं सूचना का प्रकाशन हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में कराने हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–प्रबंधक आई0टी0/कन्ट्रॉल रूम प्रभारी,निगम मुख्यालय,पटना को सूचनार्थ एवं निगम बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोपरि।

11/10/22

उप महाप्रबंधक,प्रशासन

## संविदा पर नियोजन की अर्हता एवं शर्ते निम्नवत होगी–

1. संविदा आधारित यह नियोजन बिल्कुल अस्थायी एवं औपबंधिक होगा। जैसे ही रिक्ति के विरूद्ध नियमित नियुक्ति(यथा सीधी नियुक्ति/प्रोन्नति के उपरान्त नियुक्ति)के उपरान्त पदस्थापन होते ही संविदा पर नियोजित कर्मी/पदाधिकारी की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।
2. विज्ञापन की अंतिम तिथि को आयु 64वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऐसी नियोजन हेतु अधिकतम आयु सीमा 65वर्ष की होगी। चयन हेतु पदाधिकारी का सेवा इतिहास स्वच्छ रहना आवश्यक होगा।
3. अनुबंध के आधार पर नियोजन करते समय सरकार के आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।
4. चयन समिति आवश्यकतानुसार कांउसिलिंग/साक्षात्कार के आधार पर अपनी अनुशंसा देगी।
5. उल्लिखित पद पर संविदा/अनुबंध के आधार पर नियोजन प्रथम चरण में एक वर्ष के लिए होगी तथा आवश्यकतानुसार अवधि विस्तार किया जायेगा। कार्यकलाप संतोषप्रद नहीं रहने अथवा क्षति/गबन पाये जाने पर इन्हें बगैर कोई सूचना के कार्य मुक्त कर दिया जायेगा।
6. अनुबंध के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार माने जायेगें। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति द्वारा मियोजन के पश्चात सरकारी सेवा में नियमितीकरण का दावा मान्य नहीं होगा।
7. नियोक्ता एवं अनुबंध के आधार पर नियोजित किये जाने वाले व्यक्ति के बीच विहित प्रपत्र में ननजुडिसिएल स्टाम्प पेपर पर एकरारनामा किया जायेगा।
8. अनुबंध की अवधि समाप्ति के पूर्व यदि नियोजित व्यक्ति पुर्नियोजन नहीं होता है तो वैसी स्थिति में निर्धारित तिथि को उसका अनुबंध स्वतः समाप्त माना जायेगा और इसके लिए किसी आदेश का निर्गत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा।
9. सामान्य प्रशासन विभाग,बिहार,पटना के संकल्प ज्ञापांक 10000 दिनांक 10.7.15 के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
10. उल्लिखित पदों के लिए सेवा निवृत इच्छुक व्यक्ति संलग्न विहित प्रपत्र में अपनी योग्यता,पूर्व धारित पदों का विवरण सहित स्वयं अथवा निबंधित डाक से अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक **प्रबंध निदेशक,बिहार स्टेट फुड एवं सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0,'खाद्य भवन' दारोगा राय पथ,आर0ब्लॉक रोड नं02, पटना–800001 के पते पर भेजें।**
11. आवेदक के विरूद्ध कोई अपराधिक/निगरानीवाद मामला दर्ज न हो।
12. सेवानिवृत इच्छुक कार्मिक (आवेदक) अपराधिक मामले,गबन अनाचार–कदाचार, उनके विरूद्ध किसी अनुशासनिक/आपराधिक मामले में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 (ससमय पर यथा संशोधित) के प्रावधान के तहत् सैवाकाल के अंतिम 10 वर्षो में कोई वृहद दण्ड अथवा अंतिम 05 वर्ष में कोई दण्ड (लघु/वृहद) अथवा बिहार पेंशन नियमावली के संगत प्रावधानों के अधीन पेंशन से कटौती का कोई दण्ड अधिरोपित नहीं किया गया हो इस संबंध में नोटरी पब्लिक के समक्ष दायर शपथ पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे।
13. नियोजन के समय स्वस्थ्य होने के संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा।
14. सेवा निवृत इच्छुक कार्मिक अपने आवेदन पत्र के साथ आयु, शैक्षणिक योग्यता,सेवा निवृति से संबंधित कागजातों, जाति प्रमाण पत्र, पी0पी0ओ0, अंतिम वेतन प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से देगें। वांछित कागजात अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
15. आरक्षण संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं करने पर आरक्षित कोटि का दावा मान्य नहीं होगा।
16. इनके द्वारा भविष्य में की गयी क्षति/गबन की राशि की वसूली उनके मानदेय से की जायेगी एवं मानदेय से वसूली संभव नहीं होने की स्थिति में बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन या निगम के प्रावधानों के तहत क्षति/गबन की वसूली उनके चल–अचल संपत्ति से की जायेगी।
17. आवेदन पत्र को स्वीकार/अस्वीकृत करने का अधिकार निगम को सुरक्षित रहेगा इसके लिए किसी भी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं होगा।

11/10/22

रिक्तियों की संख्या एवं योग्यता संबंधी विवरणी–

| क्र0 | पद | वेतनमान | पदवार वांछित योग्यता | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखापाल | **Level-4** | केन्द्र सरकार/राज्य सरकार एवं केन्द्र/राज्य सरकार के विभिन्न निगम/बोर्ड आदि से समकक्ष पद से सेवा निवृत कर्मी। | अनु0जाति– 02<br>अ0पि0व0– 01<br>पि0व0– 02<br>आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग– 01<br>अनारक्षित– 03<br>कुल– 09 |
| 1 | निम्नवर्गीय लिपिक | **Level-2** | केन्द्र सरकार/राज्य सरकार एवं केन्द्र/ राज्य सरकार के विभिन्न निगम/बोर्ड आदि से समकक्ष पद से सेवा निवृत कर्मी। | अनु0जाति– 17<br>अनु0 जनजाति– 02<br>अ0पि0व0– 19<br>पि0व0– 12<br>पिछड़े वर्गो की महिला– 04<br>आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग– 05<br>अनारक्षित– 22<br>कुल– 81 |

11/1/22

# आवेदन प्रपत्र

| |
|---|
| Paste in Photograph |

1. आवेदित पद का नाम–
2. आवेदक का नाम–
3. पिता/पति का नाम–
4. अंतिम धारित पद–
5. सेवा निवृति की तिथि–
6. विज्ञापन की अंतिम तिथि (01.11.2022) को आयु– ........ वर्ष........ माह...... दिन
7. प्रथम नियुक्ति की तिथि–
8. स्थायी पता–

   वर्तमान पता–

9. सेवा निवृति का पद एवं विभाग का नाम एवं पता जहॉ से सेवा निवृत हुए है–(सेवा निवृति से संबंधित अभिप्रमाणित साक्ष्य संलग्न करें)

10. जन्मतिथि(प्रमाण पत्र के साथ)–

11. शैक्षणिक योग्यता–
    (प्रमाण पत्र संलग्न करें)–

12. आवेदित पद के अनुरूप योग्यता–
13. अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई अपराधिक वाद/निगरानीवाद/विभागीय कार्यवाही लंबित है अथवा नहीं।( शपथ पत्र संलग्न)

14. आरक्षण कोटि–
    (सक्षम प्राधिकार के स्तर से प्रमाण पत्र संलग्न)

15. सेवा निवृति के अंतिम माह में प्राप्त परिलब्धियाँ–
    (LPC /PPO की छाया प्रति संलग्न करें)–
16. दूरभाष/मोबाईल नं0–

तिथि–

स्थान–

हस्ताक्षर

11/10/22